Sixteenth Loksabha

pan>

Title: Need to provide basic amenities at Panki Dham Railway Station of Uttar Pradesh.

श्री देवेन्द्र सिंह भोले (अकबरपुर): माननीय सभापति जी, आपने मुझे शून्य प्रहर में बोलने का अवसर दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद ।

महोदय, मैं आपसे विनम्रतापूर्वक कहना चाहता हूं कि कानपुर के बारे में आपको भी बहुत जानकारी होगी । हमारे लोक सभा संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत भी उसका लगभग आधा हिस्सा आता है। कानपुर का लगातार विस्तार हो रहा है। पश्चिम और दक्षिण दिशा में कानपुर लगातार बढ़ रहा है। उत्तर और पूर्व दिशा की ओर माँ गंगा है, इसलिए इसे पश्चिम और दक्षिण दिशा में बढ़ना पड़ रहा है।

मान्यवर, मैं आपके माध्यम से सदन को यह अवगत कराना चाहता हूं कि कानपुर नगर के विस्तार के साथ ही मेरे संसदीय क्षेत्र में स्थित पनकी रेलवे स्टेशन, जिसका अब परिवर्तित नाम पनकी धाम है, जिसकी घोषणा अभी-अभी सरकार ने की है और इसकी विज्ञप्ति जारी की है। वहां अभी कुछ ही दिन बाद टिकट भी पनकी धाम के नाम से मिलने लगेंगे, लेकिन कानपुर की जो बढ़ती हुई आबादी है और कानपुर सेन्ट्रल में यात्रियों के बढ़ते हुए आवागमन के कारण वहां बड़ी कठिनाई होती है। पनकी धाम बहुत सारी गाड़ियों का ठहराव हो गया, लेकिन वहां जितनी और व्यवस्थाएं होनी चाहिए, जैसे उपरिगामी सेतु, अंडरब्रिज और तमाम यात्री सुविधाएं वहां होनी चाहिए, उनका वहां लगातार अभाव है। इसके कारण वृद्धजनों, महिलाओं, बच्चों और तमाम आने वाले यात्रियों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

महोदय, आपसे निवेदन है कि शीघ्र-से-शीघ्र सरकार से निर्देशित करवा कर वहां यह व्यवस्था करवाने की कृपा करेंगे । जय हिन्द ।

माननीय सभापति: कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल और श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री देवेन्द्र सिंह भोले द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।